# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 18-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 18.11.2025 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई मे कुल 12 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे 01 मारपीट व 07 भूमि विवाद वथ शेष 04 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 18/11/2025 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**◆ऑपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम, संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेकिंग करते हुए पैदल गश्त किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.11.2025 को जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के नेतृत्व में ऑपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम, संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु की चेकिंग करते हेतु पैदल गश्त किया गया।**

# प्रेस नोट दिनांक 18.112025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपद में हुए धान खरीद घोटाले से सम्बन्धित 04 अभियुक्तगण के विरूद्ध चल-अचल सम्पत्ति (अनुमानित बाजारी कीमत करीब 09 करोड़ 44 लाख 20 हजार रुपयें) के जब्तीकरण (107 बीएनएस) की कार्यवाही प्रचलित।**

धान खरीद घोटाले में गलत भुगतान व अन्य के सम्बन्ध में जनपद सिद्धार्थनगर में कुल 09 अभियोग पंजीकृत किये गये है। श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती के निर्देश के क्रम में गठित टीम के प्रभारी सुजीत राय, क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा विवेचना सम्पादित की जा रही है। डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय, क्षेत्राधिकारी बांसी के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम द्वारा पंजीकृत अभियोगों में से 06 अभियोगों की विवेचना पूर्ण की जा चुकी है तथा 03 अभियोंग में विवेचना आंशिक रुप सें सम्पादित की जा रही है। विवेचना के क्रम में प्रथम चरण में मुअंस0 70/2025 धारा 409/417/120बी भादवि व 351(3) बीएनएस थाना सिद्धार्थनगर से सम्बन्धित अभियुक्त राकेश दत्त त्रिपाठी पुत्र ऋषभदेव त्रिपाठी निवासी पकड़ी थाना उसका बाजार तथा मुअसं0 06/2025 धारा 409/120बी/420/467/468/471 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.प्रियंका त्रिपाठी पत्नी राकेश दत्त त्रिपाठी निवासी पकड़ी थाना उसका बाजार 02.मयंकमणि त्रिपाठी पुत्र शिवकुमार त्रिपाठी निवासी बुढ़ऊ थाना त्रिलोकपुर 03.अमित कुमार चौधरी(पूर्व पीसीएफ प्रबन्धक) पुत्र कन्हैया प्रसाद चौधरी निवासी समरधीरा थाना पुरन्दरपुर जनपद महराजगंज के विरूद्ध प्राप्त जानकारी के आधार पर इनकी चल-अचल सम्पत्ति (अनुमानित बाजारी कीमत करीब 09 करोड़ 44 लाख 20 हजार रुपयें) के जब्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित है।

# प्रेस नोट-दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा NKS हाई स्कूल विद्यालय ग्राम ऊंजी थाना मोहाना में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा नए कानून, गुड टच बैड टच के सम्बन्ध में छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18/11/2025 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में उ0नि0 सुनील कुमार सिंह, उ0नि0 सुनील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद भारती, म.का. अंजू वर्मा द्वारा NKS हाई स्कूल विद्यालय ग्राम ऊंजी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर में बलिकाओ को एकत्रित कर गुड टच बैड टच के बारे में जागरूक किया गया। शक्ति दीदी के तहत महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत जागरूक किया गया, महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

प्रेस नोट दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆महिला सशक्तिकरण के क्रम में मिशन शक्ति केंद्र स्थापना के उपरांत नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन के लिए समर्पित थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय बधनी में छात्राओं को गुड टच तथा बैड टच व बहू बेटी सम्मेलन कार्यक्रम चलाकर महिलाओ के सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे जानकारी दी गयी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 15.11.2025 को महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश वर्मा तथा थानाध्यक्ष पथरा बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना क्षेत्र के स्थित प्राथमिक विद्यालय बधनी में छात्राओं को एकत्रित कर उनके हित के अनेक बाते जैसे गुड टच बैड टच के बिषय मे जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति टीम द्वारा काल्पनिक कहानियों के माध्यम से इन विषय मे बच्चों को जागरूक किया गया अपराध अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम का विवरण-
01.उ0नि0 मलखा प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02. हेड का० सुरेश प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
03. आरक्षी सुदामा यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
04. म0का0 सोनी यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र व जन चौपाल थाना ख़ेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ति दीदी (बहु- बेटी सम्मेलन) अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम एकडेंगवा की बालिकाओं व महिलाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18/11/2025 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम एकडेंगवा जन चौपाल में लगाकर उपस्थित महिलाओ में मिशन शक्ति कार्यक्रम साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के तहत उपस्थित महिलाओ के महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी देते हुए तथा ,बजरंग चौराहा, बनकटा चौराहा उपरोक्त स्थान एंटी रोमियो की गई तथा चेकिंग के तहत 8 शोहदों का माफीनामा भर चेतावनी दी गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नंबर112-पुलिस आपातकालीन सेवा 1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108-एंबुलेंस सेवा1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन1098-चाइल्ड हेल्पलाइन102- स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

थाना खेसरहा महिला मिशन टीम का विवरण--

01•उ0नि0 जियाल्लाह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

02•हे0का0 सत्येंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

03.आऱक्षी ज्ञानेश्वर चौहान थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

04.महिला पीआरडी शीला देवी थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 18.11.2025 थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना लोटन मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के वी0एस0 पांडेय कन्या इंटर कॉलेज दशरथनगर की बालिकाओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, हेल्पलाइन नम्बर, गुड व बैड टच के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुकत किया गया।

डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व बेटी बहू सम्मेलन व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत शौर्य क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18/11/2025 को थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में वी0एस0पांडेय कन्या इंटर कॉलेज दशरथनगर थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर की बालिकाओ को शक्ति दीदी के तहत महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

थाना लोटन मिशन शक्ति टीम का विवरण---

01. मुख्य आरक्षी मो0 खुर्शीद, गंगोली कुमार थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आऱक्षी अमित कुमार थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।
03.महिला आऱक्षी पूजा वर्मा थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनाँक 18/11/2025 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, बेटी, बहू सम्मेलन एंटी रोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम मिठवल में चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध, हेल्पलाइन नम्बर, गुड व बैड टच के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुकत किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी बांसी के निर्देशन में मृत्युंजय पाठक प्रभारी निरीक्षक बांसी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18/11/2025 थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत बहु बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता के अंतर्गत थाना क्षेत्र बांसी के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों व ग्राम मिठवल में जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। अपराधो व बचाव के बारे में जानकारी दी गयी व साइबर अपराध से बचने के संबंध में बताया गया कि किसी भी अननोन नंबर व लिंक पर क्लिक न करे। यदि ऐसा कोई घटना हो जाती है तो साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और cyberpolice.nic.in पर शिकायत दर्ज करें व महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नंबर1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरुक किया गया।

थाना बांसी मिशन शक्ति टीम का विवरण-

01.उ0नि0 राजनाथ सिंह थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

02.हे0का0 बीरबल यादव थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

03.का0 सर्वेश यादव थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

04.म0का0 गीतांजलि थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

05.हो0गा0 विजय दुबे थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनाँक 18/11/2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो व शक्ति दीदी अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में मदर सजबुन्निशा मोहम्मद हनीफ इंटर कॉलेज मऊ नानकार में महिलाओं/बच्चियों को थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा जागरुक किया गया।**

**डॉ अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व शुबेन्दू सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18/11/2025 को राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के निर्देशन में थाना गोल्हौरा मिशन शक्ति टीम उ0नि0 रणविजय सिंह, उ0नि0 रामनाथ यादव, आ0 रणजीत यादव म0आ0 तृप्ति चौबे, म0आ0 बबिता सिंह द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एण्टी रोमियो चेकिंग किया गया तथा मदर सजबुन्निशा मोहम्मद हनीफ इंटर कॉलेज मऊ नानकार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थ नगर में जाकर बालिकाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नं0 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।**

**प्रेस नोट दिनांक- 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना कठेला समय माता में मिशन शक्ति फेज 5.0/"नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 " के तहत ग्राम कोठिया दिगर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठेला ग्रान्ट में महिलाओ/पुरूषो व वयस्क बालक/बालकिओं को जन चौपाल लगाकर जागरूक किया गया।**

**डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "महिला सशक्तिकरण ,एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ के कुशल निर्देशन व अभय सिंह थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के नेतृत्व में आज दिनांक 18.11.2025 को थाना कठेला समयमाता मिशन शक्ति केन्द्र टीम उ0नि0 नागेन्द्र प्रसाद यादव, म0 का0 मधुबाला यादव द्वारा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 "/ मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत उदघोष नारी सुरक्षा, नारी सम्मान ,नारी स्वावलंबन के तहत ग्राम कोठिया दिगर व पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठेला ग्रान्ट मे चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को उनकी सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया जिनके द्वारा इस कार्यक्रम को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे आत्म विश्वास को मजबूत करते है तथा हमे अपने जीवन मे मजबूती के साथ सशक्त एवं निडर होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते है। सार्वजनिक स्थलो जैसे चौराहो, बाजारो, कोचिंग संस्थान आदि को असमाजिक तत्वो व शोहदों/मनचलों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेड़खानी/अभ्रदता/अश्लील प्रदर्शन व टिप्पणिओ कि घटना से बचने हेतु सभी को शासन द्वारा जारी महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन जैसे 1090 वुमेन पावर हेल्पलाइन, यू0पी0 112 पुलिस सहायता हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा (गर्भवती महिलाओं के लिए), 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन से सम्बन्धित सेवाओं व बृहद स्तर पर चलाये जा रहा "नये आपराधिक कानूनों के और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान 2.0 " सम्बन्धी अभियान के तहत शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR, समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्राविधान, नये अपराध, प्रौद्योगिकी एवं फोरेंसिक विज्ञान के उपयोग से जुड़े प्राविधान तथा पीड़ित-केंद्रित प्राविधानों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया एंव हेल्पलाइन व सरकारी योजनाओं से संबंधित पैम्फलेट भी वितरित किए गये।**

**प्रेस नोट दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना सिद्धार्थनगर पुलिस की प्रभावी पैरवी से दहेज हत्या के आरोपी अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व ₹ 7,000 /- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 18-11-2025 को** ST.N. **372/2021 मु0अ0सं0 23/2021 धारा- 498ए,304बी भादवि व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम थाना सिद्धार्थनगर मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मो0 रफी न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष सं0-1 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त रामू निषाद पुत्र रामनरेश निवासी नौडिहवा थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को 10 वर्ष का कठोर कारावास व ₹ 7,000 /- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अर्जुन थाना सिद्धार्थनगर का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना कठेला समय माता पुलिस की प्रभावी पैरवी से नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व ₹ 50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

**पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 18-11-2025 को** ST.N. **477/2023 मु0अ0सं0 37/2023 धारा- 376** AB**,506 भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना कठेला समय माता मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री वीरेन्द्र कुमार न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश स्पे0 पॉक्सो जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा अभियुक्त इरफान अहमद पुत्र अहमद अली उर्फ घुट्टे निवासी परसा देवाइचपार थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर को धारा- 376** AB **भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास व ₹ 50,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार कर पाठक तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी आकाश पटेल थाना कठेला समय माता का सराहनीय योगदान रहा।**

**प्रेस नोट दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**यातायात पुलिस प्रभारी मय टीम द्वारा केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों एव सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया तथा यातायात जागरुकता से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किया गया।**

**आज दिनांक 18.11.2025 को पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डा० अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन के क्रम में ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन मे,सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राज कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे यातायात प्रभारी अमरेश कुमार मय टीम द्वारा केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में पीए सिस्टम एव पंफ्लेट के माध्यम से यातायात नियमों एव सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया एव यातायात माह के तहत हाईडिल तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, स्वामी विवेकानंद चौक से सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, आदि स्थानों पर पीए सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एव सड़को पर अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया तथा वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिया पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना/ उनका M. V. Act, के तहत कुल 125 वाहनो का चालान करते हुए 134500/- रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।**

**प्रेस नोट- दिनांक 18.11.2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार मे एससबी, आईबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ नेपाल बॉर्डर पर तस्करी के रोकथाम के संबंध में की गयी समीक्षा बैठक।**

**आज दिनांक 18.11.2025 को कलेक्ट्रेट सभागार मे श्री शिवशरणप्पा जीएन जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर, डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में एससबी, आईबी, कस्टम व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ भारत - नेपाल सीमा पर मानव तस्करी, संदिग्ध व्यक्तियों, नशीली दवाओं/अवैध शराब आदि की तस्करी व सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम हेतु गोष्ठी किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 18-11-2025 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆दिल्ली में हुई विस्फोट की घटना के दृष्टिगत सुरक्षा एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।**

**दिल्ली में हुई विस्फोट की घटना के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सुरक्षा एवं एवं सतर्कता को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आज दिनांक 18.11.2025 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं गहन चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।**